आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 16.08.2024 समय : 18.30 पीएम

- स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा के मामले में अधिकतम 6 घंटे के भीतर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराना अनिवार्य।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने श्रीहरिकोटा से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस–08 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।
- राज्य में एक आईएएस, 7 आईपीएस सहित 25 अधिकारियों के तबादले–डॉ. पृथ्वीराज राज्यपाल के सचिव नियुक्त।
- प्रदेश में तेज वर्षा का दौर जारी–कई स्थानों पर जलभराव के कारण जनजीवन प्रभावित।

000

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा के मामले में संबंधित संस्थान के प्रमुख अधिकतम छह घंटे के भीतर संस्थान की तरफ से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने इस संबंध में केंद्र सरकार के अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के प्रमुख को पत्र लिखा है। यह निर्देश हाल ही में कोलकाता में एक डॉक्टर की हत्या की घटना और इस मुद्दे पर रेजिडेंट डॉक्टरों के विरोध के मद्देनजर आया है। अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि हाल ही में यह देखा गया है कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों के खिलाफ हिंसा आम हो गई है और कई स्वास्थ्य कर्मियों को ड्यूटी के दौरान हिंसा का सामना करना पड़ता है।

000

कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में प्रदेशभर में डॉक्टर आज भी हड़ताल पर रहे, जिससे चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हुई। बीकानेर में रेजीडेंट डॉक्टर्स ने मेडिकल कॉलेज से जिला कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। जयपुर में भी डॉक्टरों की हडताल के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। इस बीच, भारतीय चिकित्सा संघ ने कल सुबह छह बजे से अगले 24 घंटे के लिए देश भर में गैर–आपातकालीन सेवाएं बंद रखने की घोषणा की है। चिकित्सा संघ ने कहा है कि सभी आवश्यक और आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने श्री हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र से आज सुबह नौ बजकर 17 मिनट पर अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान – एसएसएलवी–डी–3 से कुछ उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। यह प्रक्षेपण यान 175 किलोग्राम वजन के पृथ्वी अवलोकन उपग्रह–ईओएस–जीरो–8 और एक अन्य छोटे उपग्रह एस आर–जीरो के साथ रवाना हुआ। इसरो ने पृथ्वी की निचली कक्षा में 500 किलोग्राम तक के उपग्रह ले जाने के लिए इस प्रक्षेपण यान का विकास किया है। यह यान 34 मीटर लंबा और लगभग 119 टन वजन का है। इस पर लगभग 56 करोड़ रूपए की लागत आई है। इसरो के अनुसार इस प्रक्षेपण यान विकास परियोजना से भारतीय उद्योग और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड द्वारा उपग्रह प्रक्षेपण में मदद मिलेगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

के अध्यक्ष सोमनाथ ने कहा है कि इस साल के अंत तक पहले मानवरहित मिशन गगनयान के प्रक्षेपण के प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि गगनयान के सभी हिस्से सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में पहुंच गए है और आगे की कार्रवाई जारी है।

000

चुनाव आयोग ने आज जम्मू कश्मीर और हरियाणा के लिए विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव अगले महीने की 18 तारीख से तीन चरणों में और हरियाणा में एक ही चरण में एक अक्टूबर को होंगे। जम्मू–कश्मीर में पहले चरण का मतदान अगले महीने की 18 तारीख को, दूसरे चरण का 25 तारीख को और तीसरे तथा अंतिम चरण का मतदान एक अक्टूबर को होगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज नई दिल्ली में इस चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। मतगणना 4 अक्टूबर को होगी।

000

पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी को आज उनकी पुण्य तिथि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धाजंलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने भी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान के लिए याद किया जाता है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी श्री वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर याद करते हुए कहा कि श्री वाजपेयी का अटल व्यक्तित्व और विचार हमेशा प्रेरणा स्तंभ रहेंगे।

......................

राज्य में एक आईएएस, 7 आईपीएस और 17 आरएएस अधिकारियों के तबादले किये गये हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ पृथ्वीराज को राज्यपाल का सचिव बनाया गया है। वे गौरव गोयल का स्थान लेंगे जो अब लोकसभा में संयुक्त सचिव बन गए हैं। राज्य सरकार ने आज इस संबंध में आदेश जारी किये। भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी लता मनोज कुमार को पुलिस अकादमी में लगाया गया है। इसके अलावा उपमहानिरीक्षक स्तर के दो तथा चार पुलिस अधीक्षक के तबादले किये गए हैं। इसी तरह कई जिलों में अतिरिक्त जिला कलेक्टर भी बदले गए हैं। जोगाराम को श्रम, कारखाना एवं वॉयलर निरीक्षण के शासन सचिव का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज नई दिल्ली में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आईपी लॉ और मैनेजमेंट में संयुक्त मास्टर्स, एलएलएम के पहले बैच के इंडक्शन प्रोग्राम में भाग लिया। छात्रों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत को समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के कारण बौद्धिक संपदा की सोने की खान कहा जाता है। उन्होंने कहा कि वेद इस बौद्धिक खजाने के प्रमुख उदाहरण हैं।

000

भरतपुर में 19 से 26 अगस्त तक अग्निवीर सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। जिले के लोहागढ़ स्टेडियम में आयोजित होने वाली इस रैली में भरतपुर, डीग, धौलपुर, अलवर, खैरथल –तिजारा, कोटपूतली–बहरोड जिले के युवा भाग लेंगे। रैली की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने अधिकारियों की बैठक ली । भर्ती रैली के दौरान सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखने, पुलिस का पर्याप्त जाब्ता तैनात करने तथा अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

000

प्रदेश के कई इलाकों में तेज बारिश का दौर जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा दर्ज की गई है। बूंदी के हिंडोली में सबसे अधिक 220 मिलीमीटर वर्षा मापी गई। अजमेर के मांगलियावास में 200 मिलीमीटर से ज्यादा पानी बरसा है। इसके अलावा बीकानेर, नागौर पाली दौसा और सवाई माधोपुर में भी कहीं–कहीं अति भारी वर्षा दर्ज की गई है।

जयपुर ग्रामीण जिले के जोबनेर में पिछले दो दिन में हुई रिकॉर्ड बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नागौर में भी भारी वर्षा के कारण खेतों और निचले इलाकों में पानी भर गया है। खींवसर क्षेत्र में बाढ़ के हालात पैदा हो गये हैं। वहीं शहर में एक मकान गिर गया। बीकानेर में भारी वर्षा के अलर्ट के बाद प्रशासन ने कटाव वाले रास्तों पर यातायात बंद करने के निर्देश दिये हैं। हनुमानगढ़ में आज कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। पाली में भी कई स्थानों पर भारी वर्षा हुई है। सवाई माधोपुर जिले में बीते 24 घंटों में 118 मिली मीटर वर्षा मापी गई। ब्यावर में 12वीं तक की कक्षा के लिए कल भी अवकाश घोषित किया गया है । जैसलमेर में भी कई इलाकों में तेज बारिश हुई है। जिले के भणियाणा, राजमथाई, नाचना क्षेत्र में भारी बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में मंडेसरा क्षेत्र के पाड़ाझर झरने पर कल पिकनिक मनाने गये 53 पर्यटक नालों में पानी के तेज बहाव के कारण फंस गये जिससे उन्हें रातभर जंगल में रहना पड़ा। रेस्क्यू टीम ने आज सुबह अभियान चलाकर उन्हें बाहर निकाला। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज जैसलमेर और जोधपुर में भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा बाड़मेर, बीकानेर, नागौर, पाली के लिए आज ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

....................

बीसलपुर बांध का जल स्तर बढकर 312 दशमलव 95 आरएल मीटर हो गया है।

000

राजसमंद के पिपलांत्री गांव में आज पर्यावरण महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर इस वर्ष जन्मी बालिकाओं के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। पिछले वर्षो में लगाये पेड़ों को बेटियों ने राखी बांध कर पेड बचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पदमश्री श्याम सुंदर पालीवाल, सहकारिता मंत्री गौतमचंद दक, सांसद महिमा कुमारी, विधायक दीप्ति माहेश्वरी सहित प्रशासनिक अधिकारी और आमजन मौजूद रहे।

000

प्रदेश में वर्ष 2024 –25 के लिए राज्य जिला और पंचायत समिति स्तर पर श्रेष्ठ किसानों को पुरस्कृत किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा आत्मा योजना के तहत किसानों का कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, जैविक खेती और नवाचार खेती के लिए चयन किया जाएगा। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य स्तर पर 50 हजार रुपए, जिला स्तर पर 25 हजार रुपए और पंचायत समिति स्तर पर 10 हजार रूपये नकद प्रति किसान पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसके लिए किसान 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

000

सवाईमाधोपुर जिले की 16 ग्राम पंचायत टीबी तपेदिक रोग मुक्त हो गई हैं। जिले के सीएचएमओ डॉ. धर्मसिह मीना ने बताया कि टीबी मुक्त सभी पंचायतों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिये श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर–1800 11 7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं।

000